<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–14 जनवरी 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रगति मॉडल को प्रदेश के लिए बताया गेम चेंजर। कहा– इस मॉडल से उत्तर प्रदेश बना देश का इंफ्रास्ट्रक्चर ग्रोथ इंजन।
- संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने विकसित भारत जी राम जी अधिनियम को लेकर विपक्षी दलों पर जनता को गुमराह करने का लगाया आरोप। कहा– अधिनियम से बदल जाएगी ग्रामीण भारत में रोजगार और विकास की तस्वीर।
- दस मिनट की डिलीवरी की समय सीमा हटाएंगी ब्लिंकिट, जोमैटो और स्विगी सहित अन्य प्रमुख डिलीवरी कम्पनियां। केन्द्र सरकार के हस्तक्षेप के बाद गिग वर्कर्स के हित में बनी सहमति।
- मकर संक्रांति पर्व को लेकर प्रदेश में उत्साह का वातावरण। मुख्य स्नान कल।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रो–एक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इम्प्लीमेंटेशन– प्रगति केवल बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की समीक्षा का मंच नहीं, बल्कि नए भारत की नई कार्य संस्कृति का मजबूत उदाहरण है। कल लखनऊ में एक पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रगति के माध्यम से गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करते हुए सभी अड़चनों का समाधान कर परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। श्री योगी ने कहा कि प्रगति मॉडल राज्य के लिए एक गेम–चेंजर सिद्ध हुआ है।

***यूपी में अगर हम देखेंगे तो 419000 करोड़ के 65 बड़े प्रोजेक्ट हमारे प्रगति के अंतर्गत आते हैं, जिनमें 26 प्रोजेक्ट यानी 65 में से 26 प्रोजेक्ट कमीशन हो चुके हैं। 39 प्रोजेक्ट निर्माण के अलग–अलग चरणों में चल रहे हैं। प्रगतिमय प्रदेश में इंटर एजेंसी की बाधाएं दूर हुई है। प्रगति पोर्टल के माध्यम से समीक्षा जब होती है, एक साथ सभी विभाग बैठते हैं, एक दूसरे के साथ समन्वय बनाकर के एक समय सीमा के अंदर इनका समाधान होता है।***

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रगति के माध्यम से निर्णय प्रक्रिया तेज हुई है, समय और लागत की बर्बादी रुकी है तथा केंद्र एवं राज्यों के बीच समन्वय के साथ–साथ स्पष्ट जवाबदेही सुनिश्चित हुई है।

***आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने 2014 में देश का नेतृत्व संभालने के साथ ही डिजिटल गवर्नेंस कोऑपरेटिव फेन्टालिजम को जो एक सशक्त आधार दिया है। प्रगति ने उसके माध्यम से सिद्ध करके दिखाया है कि इंटेंट टेक्नोलॉजी और अकाउंटेबिलिटी तीनों एक साथ मिलते हैं तो आउटकम्स अपने आप सुनिश्चित हो जाते हैं।***

**********

संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने कल 'विकसित भारत जी राम जी' अधिनियम को लेकर विपक्षी दलों पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। श्री रिजिजू ने लखनऊ में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ये अधिनियम ग्रामीण भारत में रोजगार और विकास की तस्वीर बदलने वाला है। उन्होंने अधिनियम के लाभों को भी रेखांकित किया।

***इसमें सबसे पहले तो जो एक सौ दिन का पहले पुराना प्रावधन था, उसको सीधा जम्प मारकर एक सौ पच्चीस दिन किया गया। दूसरा उसमें अगर ऐप के प्रावधान के मुताबिक रोजगार प्रदान नहीं किया, तो वो दंडित होगा। इसी प्रकार से इसमें एक जगह ऐसा नहीं छोड़ा, जहां से पैसा का गलत तरीके से इस्तेमाल करके भ्रष्टाचार करें। डिजिटली सारी व्यवस्था को मेन्टेन किया जाएगा।***

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि वह राज्यों को कुत्ते के काटने की घटनाओं के लिए भारी मुआवजा देने का आदेश देगा और कुत्तों को खाना देने वालों को जवाबदेह ठहराएगा। न्यायालय ने पिछले पांच वर्षों से आवारा पशुओं से संबंधित नियमों के कार्यान्वयन में कमी पर चिंता व्यक्त की। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, संदीप मेहता और एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि कुत्ते के काटने की घटनाओं के लिए कुत्तों को खाना देने वालों को भी जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

***सर्वोच्च न्यायालय ने सार्वजनिक स्थानों पर आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वाले लोगों और संगठनों के आचरण पर सख्त सवाल उठाते हुए पूछा है कि क्या दया केवल जानवरों तक ही सीमित है और मनुष्यों तक नहीं? न्यायालय ने जवाबदेही पर चिंता जताते हुए कहा है कि यदि लावारिस कुत्ते के हमले में किसी बच्चे की मौत हो जाती है तो कौन जिम्मेदार होगा। सर्वोच्च न्यायालय इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए पिछले साल जुलाई से इसकी सुनवाई कर रहा है। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।***

सर्वोच्च न्यायालय ने कल सात नवंबर, दो हजार पच्चीस के अपने उस आदेश में संशोधन की मांग करने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई की, जिनमें अधिकारियों को संस्थागत क्षेत्रों और सड़कों से इन आवारा पशुओं को हटाने का निर्देश दिया गया था।

**********

केन्द्र सरकार के हस्तक्षेप के बाद ब्लिंकिट, जेप्टो, जोमैटो और स्विगी सहित अन्य प्रमुख डिलीवरी कम्पनियों ने दस मिनट की डिलीवरी की समय सीमा हटाने पर सहमति व्यक्त की है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि इससे संबंधित चिंताओं को दूर करने के लिए

कंपनियों के साथ बैठक की गई। बैठक के बाद ई–कॉमर्स कंपनी ब्लिंकिट ने दस मिनट में डिलीवरी का वादा हटा दिया है। इसका उद्देश्य गिग वर्कर्स के लिए अधिक सुरक्षा, संरक्षा और कामकाज की बेहतर परिस्थितियां सुनिश्चित करना है।

**********

मकर संक्रांति के पर्व को लेकर प्रदेश भर में उत्साह देखा जा रहा है। कई जिलों में इस पर्व को श्रद्धा–भक्ति और हर्षोल्लास के वातावरण में आज ही मनाया जा रहा है। श्रद्धालु सुबह से ही राज्य की प्रमुख नदियों के तट पर पहुंच कर श्रद्धा की डुबकी लगा रहे है। हालांकि मकर संक्रांति का मुख्य स्नान कल है। हमारे संवाददाता की रिपोर्ट–

***राज्य के कई हिस्सों में मकर संक्रांति जो कि माघ मेले का दूसरा महत्वपूर्ण स्नान है कल मनाया जाएगा। प्रयागराज के माघ मेला क्षेत्र में स्नान के लिए प्रशासन ने व्यापक व्यवस्था की है। कुल 12,100 फीट लंबाई में स्नान के लिए घाटों का निर्माण किया गया है, जिनमें चेंजिंग रूम, पूल, कियोस्क, शौचालय आदि सभी जरूरी बुनियादी सुविधाएं मौजूद हैं। सुशील चंद्र तिवारी आकाशवाणी न्यूज लखनऊ।***

गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में भी मकर संक्रांति कल मनायी जायेगी। वहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस अवसर पर कल तड़के गुरु श्री गोरक्षनाथ के चरणों में परम्परागत रूप से खिचड़ी अर्पित करेंगे। मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा खिचड़ी चढ़ाने का सिलसिला आज से ही शुरू हो गया है। श्रद्धालु गोरखनाथ मंदिर पहुंच कर दर्शन–पूजन कर रहे हैं, साथ ही मंदिर परिसर में लगे खिचड़ी मेले का आनंद भी ले रहे हैं। मकर संक्रांति मनाने के लिये मुख्यमंत्री कल ही गोरखपुर पहुंच गये। उन्होंने खिचड़ी पर्व के दृष्टिगत मंदिर परिसर का भ्रमण कर जायजा लिया और बेहतर व्यवस्था को लेकर जरूरी निर्देश दिये।

**********

प्रयागराज माघ मेले में कल होने जा रहे मकर संक्रांति स्नान पर्व को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं। एक रिपोर्ट–

***श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए 12 हजार फीट लम्बाई में घाटों का निर्माण किया गया है। घाटों पर पर्याप्त संख्या में चेंजिंग रूम, शौचालय आदि उपलब्ध कराए जा रहे हैं। माघ मेला अधिकारी ऋषिराज ने बताया कि गंगा में जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कानपुर के गंगा बैराज से प्रतिदिन 8000 क्यूसेक जल छोड़ा जा रहा है। सुगम यातायात के दृष्टिगत 42 अस्थायी पार्किंग विकसित की गयी है, जिसमें लगभग एक लाख से अधिक वाहन पार्क हो सकेंगे। मेला क्षेत्र में सुरक्षा के दृष्टिगत पैरा मिलिट्री फोर्स की तैनाती भी की गयी है। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।***

माघ मेले को लेकर रेलवे ने भी प्रभावी कदम उठाए हैं। उत्तर रेलवे के लखनऊ के मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि श्रद्धालुओं को सुगम यात्रा का अनुभव देने के लिए रेलवे विशेष रेलगाड़ियों का संचालन कर रहा है।

***लगभग 30 हमने ऐसी स्पेशल ब्रेक्स डिफरेंट प्लेसेस में इन एंड अराउंड प्रयाग रखी है। कुछ हमने लखनऊ, कुछ हमने बनारस भी रखी है। कुछ हमने अयोध्या भी रखी है। बट मेजर हमने चंक रखा है प्रयाग संगम, प्रयाग और फाफामऊ के आसपास में के इलाकों में ताकि रस होने की स्थिति में हम अर्जेंट इवेलुएशन की स्थिति में रहेंगे और हमारे ऑफिसर्स भी इन जैसे फाफामऊ, प्रयाग संगम और प्रयाग में डिप्लॉय रहेंगे अराउंड द क्लॉक स्नान डेज के एक दिन पहले से लेकर के एक दिन बाद तक में।***

मकर संक्रांति और माघ मेले को लेकर अयोध्या में रूट डायवर्जन लागू किया जा रहा है।

**********

प्रदेश के अधिकांश जिलों में ठंड का प्रकोप अपेक्षाकृत कम हुआ है लेकिन कोहरे का कहर कई स्थानों पर जारी है। राज्य के पश्चिमी जिलों के कुछ स्थानों पर पिछले छत्तीस घंटे में घना कोहरा रिकॉर्ड गया। कई जिलों की दृश्यता शून्य रही। विभाग ने आज के लिए प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी ज़िलों में घने कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया है।

**********